Title: Need to construct a new bridge linking Unnao with Kanpur in Uttar Pradesh. − Laid.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव): अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के कानपुर महानगर को लखनऊ तथा देश के बड़े क्षेत्र को कानपुर से जोड़ने के लिए मात्र एक ही पुल है जो यातायात के लिए नाकाफी है।

उन्नाव जिले के शुक्लागंज - कानपुर के बीच में गंगा पर पुराने रेलवे पुल को सड़क पुल में परिवर्तित किया गया, परन्तु वह इतना संकरा है कि यातायात के लिए नाकाफी है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उन्नाव को कानपुर महानगर से जोड़ने के लिए एक और पुल का निर्माण कराया जाये तथा इसके लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव मंगवा कर एक और पुल बनवाने की कृपा की जाये।